# JHARKHAND STATE PHARMACY COUNCIL

(Constituted Under the Pharmacy Act. 1948)

## BARIATU RANCHI-834009

E-mail Id - jharkhandstatepharmacycouncil@gmail.com | Website - www.jharkhandstatepharmacycouncil.com


Ref. No. : JSPC/5269/2026 Date : 25/9/2026

## संदेश

प्रिय फार्मासिष्ट बन्धुओं, फार्मेसी शिक्षकों, फार्मेसी संस्थानों एवं फार्मेसी के विद्यार्थियों, विश्व फार्मासिष्ट दिवस के अवसर पर झारखण्ड स्टेट फार्मेसी कॉन्सिल की ओर से सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई!

साथियों, फार्मेसी केवल औषधियों का विज्ञान नहीं बल्कि विज्ञान, उत्तरदायित्व और मानव सेवा का संगम है। प्रत्येक औषधि के साथ रोगी की सुरक्षा, उपचार की आशा और समाज का विश्वास जुड़ा होता है इसलिए औषधियों का सुरक्षित, तर्कसंगत एवं जिम्मेदार उपयोग हमारे पेशे का मूल दायित्व है।

इसी व्यापक जिम्मेदारी को ध्यान में रखते हुए फार्मेसी कॉन्सिल ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली द्वारा फार्मेसी सप्ताह के लिए निर्धारित इस वर्ष का विषय–

**"स्वस्थ भारत : Combating Antimicrobial Resistance"**

वर्तमान समय की एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती की ओर ध्यान आकर्षित करता है। इस चुनौती से निपटना केवल चिकित्सा व्यवस्था का दायित्व नहीं, बल्कि समस्त स्वास्थ्य समुदाय और समाज की साझा जिम्मेदारी है।

इस प्रयास में फार्मासिष्ट की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमारे फार्मेसी शिक्षक और संस्थान, भावी पेशेवरों के ज्ञान एवं चारित्र का निर्माण करते हैं जबकि हमारे विद्यार्थी इस परिवर्त्तन के भावी वाहक हैं। बदलती स्वास्थ्य चुनौतियों के अनुरूप निरंतर ज्ञान अर्जित करना ही एक सक्षम और विश्वसनीय फार्मासिष्ट की पहचान है।

जिम्मेदार Dispensing, उचित रोगी परामर्श, Antimicrobial Resistance के विवेकपूर्ण उपयोग को बढ़ावा देना तथा जन–जागरूकता का विस्तार करना हमारे प्रभावी योगदान के प्रमुख माध्यम हैं।

आइये, इस अवसर पर हम संकल्प लें कि एक स्वस्थ और सुरक्षित भारत के निर्माण में सदैव अपना सार्थक योगदान देंगे।

**"स्वस्थ भारत के लिए सुरक्षित औषधि, सुरक्षित औषधि के लिए जिम्मेदार फार्मासिष्ट"**

आप सभी के समपर्ण, सेवाभाव तथा निरंतर प्रयासों को नमन। विश्व फार्मासिष्ट दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ।

Pandey
25/09/2026

(प्रशांत कुमार पाण्डेय)
निबंधक–सह–सचिव
झारखण्ड स्टेट फार्मेसी कॉन्सिल,
बरियातु, राँची – 834009

निबंधक-सह-सचिव
झारखण्ड राज्य भेषज परिषद
बरियातू, राँची-834009

(डॉ0 बिमलेश कुमार)
अध्यक्ष
झारखण्ड स्टेट फार्मेसी कॉन्सिल
बरियातु, राँची – 834009

अध्यक्ष
झारखण्ड राज्य भेषज परिषद
बरियातू, राँची-834009